सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र
विशेषांक

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

साधिकार प्रकाशित

Published by Authority

भाद्र 26, बुधवार, *शाके* 1947- सितम्बर 17, 2025
Bhadra 26, Wednesday, Saka 1947- September 17, 2025

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 01, 2025

संख्या प.10(न.पा.)(गठन)(चुनाव)डीएलबी/25/14681 :-राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर चुरू द्वारा स्थानीय निकाय नगर पालिका छापर हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।

<u>नगर पालिका छापर का सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष-2025</u>

वार्ड सं.	विवरण	जनसंख्या
01	रतनगढ़ रोड पर स्थित हमारा पम्प करण फिलिंग स्टेशन से राजीव गांधी पाठशाला भवन जो बंद हो चुकी है को लेते हुए उतर की तरफ के नगरपालिका सीमा में स्थित मकानों को लेते हुए भगवाना राम जाट दहिया होते हुएं बेनाथा मार्ग पर स्थित दोनों तरफ के समस्त मकान राकेश नाई आदि के मकानों को लेते हुएं पानी की टंकी से पूर्व की तरफ घूमते हुएं पूर्वी तरफ चलते हुए सरदारा राम प्रजापत आदि की गली, आइस फैक्ट्री, रुस्तम दाढ़ी के मकान व पूर्व दिशा की तरफ मांगीलाल जाट माली से होते हुएं प्रकाश सियाग के मकान तक वहा से सीधे दक्षिण की तरफ चलते हुए पश्चिम दिशा के मकानों को शामिल कर भीखाराम सियाग की दुकान व मकान तक वहा से पूर्व की तरफ टर्न लेकर वापिस दक्षिण की तरफ घूमकर कॉर्नर पर सोहन स्वामी के मकान व दुकान को शामिल कर सीधे दक्षिण की ओर चलते हुए पश्चिम के मकानों को शामिल करते हुए नानूराम के मकान	905

	तक वहा से वापिस पश्चिम की तरफ मुड़कर रतनगढ़ रोड पर चलते हुए उतर दिशा के समस्त मकान, विश्वकर्मा मंदिर को शामिल करते हुए हमारा पम्प करण फिलिंग स्टेशन तक।	
02	रतनगढ़ रोड पर होंडा शोरूम से दक्षिण दिशा तरफ चलते हुए पूर्वी दिशा के मकानों को सम्मिलित करते हुए गोदारा धर्म कांटे के ठीक सामने दूसरी तरफ ट्रांसफार्मर से पूर्वी दिशा की तरफ चलते हुए उत्तरी दिशा के मकान में प्लॉटों को शामिल करते हुए सीधे आदर्श विद्या मंदिर तक, वहां से रोड क्रॉस कर पूर्वी दिशा की तरफ चलते हुए ओशो पुस्तकालय को शामिल करते हुए पुरानी पोस्ट ऑफिस तक, वहां से उत्तर दिशा में चलते हुए पश्चिम दिशा के मकान भंवरलाल नाई आदि को सम्मिलित करते हुए शांतिबाई सुराणा के मकान तक, वहां से पश्चिम दिशा की तरफ चलकर दक्षिणी के मकान पतासी जाटनी गोविंदराम सी.आई. को शामिल करते हुए उत्तर की दिशा की तरफ पप्पू सिंह भाटी, जहुरदीन मनिहार के मकान से पश्चिम के सभी मकानों को सम्मिलित करते हुए रतनगढ़ रोड से पश्चिम दिशा की तरफ चलते हुए कनजी भाकर के कारखाने होते हुए दक्षिण दिशा के सभी मकानों को सम्मिलित करते हुए होंडा शोरूम तक।	762
03	रतनगढ़ रोड पर भरत नाई के होटल के उत्तरी दिशा में स्थित कॉर्नर प्लॉट से पूर्वी दिशा की तरफ चलते हुए दक्षिण दिशा के मकानों, भंवरलाल चारण, मुन्नालाल डूडी से हेतराम सोनी के मकान को शामिल करते हुए श्री राम शंकर गौशाला के उत्तरी पूर्वी कॉर्नर तक तथा वहां से दक्षिण दिशा की तरफ चलकर श्री राम शंकर गौशाला को शामिल करते हुए बीदासर रोड तक वहां से बीदासर रोड की तरफ चलते हुए उत्तर की तरफ के समस्त मकान व प्लॉटों को शामिल करते हुए बीदासर रतनगढ़ रोड के तिराहे तक तथा वन विभाग आगे बीदासर रोड से दक्षिण की तरफ के समस्त मकान प्लॉट व शमशान घाट को शामिल कर सादुलगढ़ बास में स्थित श्रीचंद भाकर के मकान से पश्चिम की तरफ चलते हुए दक्षिण की तरफ के के मकान तिलाराम भाकर को शामिल करते हुए फूलचंद प्रजापत को छोड़ते हुए दक्षिण की और चलते हुए पूर्व की तरफ स्थित ओम प्रकाश जवरीमल दर्जी के मकान को शामिल करते हुए पश्चिम की ओर चलकर दोनों तरफ के मकानों को शामिल करते हुए शिव मंदिर तक वह सामने स्थित हेमराज प्रजापत के मकान को शामिल कर पश्चिम की तरफ चलते हुए दोनों तरफ के मकानों को शामिल कर दक्षिण दिशा में कॉर्नर के मकान पुरखाराम गेदर को शामिल कर दक्षिण की तरफ चलकर दोनों तरफ के मकानों को शामिल करते हुए बीजू प्रजापत के मकान से पश्चिम की तरफ चलते हुए दोनों तरफ को शामिल करते हुए शमशान घाट तक तथा वहां से सादुलगढ़ बास तालाब को शामिल करते हुए वहां से पूर्वी दिशा में कन्हेयालाल भाकर के मकान से आगे जेठाराम भाकर के मकान तक वहां से वापस रतनगढ़ बिदासर तिराहे	839

	पर पहुंचकर उत्तर की तरफ चलते हुए दक्षिण दिशा में स्थित प्लाटों को शामिल करते हुए रतनगढ़ रोड पर स्थित भरत नाई की होटल के उत्तरी दिशा में स्थित कॉर्नर के प्लाटों तक।	
04	आदर्श शिशु वाटिका से दक्षिणी तरफ चलते हुए पूर्वी तरफ के मकान तफरी घर को लेते हुए रामबाग व बल्लू खान के मकान को शामिल करते हुए बीदासर रोड को क्रॉस कर वन विभाग कार्यालय के गेट तक शामिल कर पूर्व की तरफ बराबर की संपूर्ण मास्टर कॉलोनी मकानों को सम्मिलित करते हुए राजकीय सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय, गांधी सरोवर, जलदाय विभाग, नगर पालिका कार्यालय शामिल करते हुए दक्षिण दिशा में चलते हुए पूर्व में छापर सुजानगढ़ सड़क पार करते हुए ओसिया माता मंदिर शामिल कर पूर्व दिशा की तरफ चलते हुए राधे पैलेस होटल तक] वहां से उत्तर दिशा की तरफ चलते हुए पश्चिम दिशा के मकानों को शामिल करते हुए बस स्टैंड रोड पर सोहन माली के मकान तक वहां से बीदासर रोड पर पश्चिम दिशा की तरफ चलकर दक्षिण दिशा के मकान सम्मिलित करते हुए गांधी सर्किल तक और वहां से उत्तर दिशा की तरफ चलते हुए स्टेडियम को सम्मिलित करते हुए स्टेडियम के उतरी पूर्वी कोने से पश्चिमी तरफ चलते हुए पटवार घर तक वहां से पटवार घर को शामिल करते हुए उतरी दिशा में चलते हुए भंवरू खां ढाढ़ी, गट्टू जाटनी के तक पश्चिम के सभी मकानों को सम्मिलित करते हुए शिव जी सोनी के नोहरे तक वहां से पश्चिमी तरफ चलते दक्षिण के मकानों को शामिल करते हुए आदर्श शिशु वाटिका तक।	788
05	उत्तरी पश्चिमी सीमा भागीरथ नाई के नोहरे से दक्षिण की तरफ चलते हुए पूरब दिशा के मकानों को शामिल करते हुए राजकीय जन कल्याण रा. बा. उ. मा. विद्यालय के पश्चिम दक्षिण कोने से राजकीय जन कल्याण रा. बा. उ. मा. विद्यालय को शामिल करते हुए पूर्व दिशा की तरफ चलते हुए उतर के समस्त मकानों को शामिल करते हुए स्टेडियम के उतरी पश्चिमी कॉर्नर तक]वहां से दक्षिण की तरफ चलते हुए पूरब के सभी मकानों को सम्मिलित करते हुए बीदासर रोड तक वहां से पूर्वी दिशा में चलते हुए उतर दिशा के सभी मकानों को शामिल करते हुए चंपालाल जी सोनी के मकान के सामने के प्रजापतों के नोहरे के पूर्वी दक्षिणी कोने तक, वहां से उतरी दिशा में चलते हुए पश्चिम के सभी मकानों को शामिल करते हुए विद्याप्रकाश प्रजापत के घर को सम्मिलित करते हुए एसबीआई बैंक सहित पश्चिम दिशा के समस्त मकान प्लॉट को शामिल करते हुए लूणकरण पेडीवाल के मकान तक वहां से पश्चिम की तरफ टर्न लेते हुए उतर की तरफ चलते हुए पश्चिम दिशा के मकान हुलासचंद पेडीवाल, चमन दुधोड़िया के शॉपिंग मॉल पूर्वी तक, वहां से पश्चिम में मुड़कर बाजार चोपड़ा होते हुए सिंघी पोल, राजकीय प्राथमिक गर्ल्स विद्यालय को सम्मिलित करते हुए वापिस भागीरथ नाई के नोहरे तक।	689

06	पश्चिमी सीमा मेघवाल गोगामेड़ी से पश्चिम की तरफ चलते हुए दक्षिण के तरफ के मकानों को शामिल करते हुऐ रामदेव नाई से आगे चलते हुए मोहन कड़वासरा तक, वहां से दक्षिण की तरफ चलकर पूर्व की तरफ के मकान चैनरूप गौड़ नाई, मूलजी नाई, आसाराम जाट, भूराराम सुथार से पूर्व में टर्न लेकर दक्षिण की तरफ चलते हुए पुरानी नगरपालिका तक, वहां से पूर्व में चलकर ओमप्रकाश नाई, रेवंतमल नाहटा, टाउन क्लब होते हुए वाचनालय तक, वहां से उतर में तारदास स्वामी की दुकान को सम्मिलित करते हुए उतर की तरफ चलते हुए पश्चिम की तरफ के मकान भोमसिंह दुधोडिया को शामिल कर चांदमल चोरडिया के नोहरे तक, वहां से पश्चिम में चलकर मेघवाल गोगामेड़ी तक।	671
07	पश्चिम सीमा रतनगढ़ रोड़ पर स्थित गिरधारी लाल खाती के मकान से दक्षिण में चलकर रामकरण रूड़ल के मकान तक, वहां से पूर्व की तरफ चलकर उत्तर दिशा के सभी मकानों को सम्मिलित करते हुए जितेंद्र कठोतिया, बालाजी मंदिर होते हुए महेंद्र कामड के मकान तक तथा वहां से बछराज चोरडिया के नोहरे को सम्मिलित करते हुए देव जी बैद के नोहरे तक, वहां से उतर की तरफ चलकर पश्चिम के मकानों को शामिल करते हुए सैन मंदिर होते हुए रतनगढ़ रोड़ पर स्थित रावतराम मेघवाल के घर तक, वहां से पश्चिम की ओर चलकर धनदास कामड़ को शामिल करते हुए दक्षिण के मकानों को सम्मिलित करते हुए रतनगढ़ रोड गिरधारी लाल खाती के मकान तक।	724
08	चोपड़ा बाजार स्थित फतेहचंद सोनी के मकान दुकान व बाजार चैपड़ा को सम्मिलित करते हुए पूर्व में चलकर उतर दिशा के मकान गोवर्धन मूंदड़ा, सुमेरमल मालू तक वहां से उतर में मुड़कर शिवनारायण जी चांडक, विनोद जी भंसाली तुरंत बालाजी मन्दिर होते हुए पश्चिमी दिशा के मकानों को शामिल करते हुए मदन लाल नाई तक, वहां से पश्चिमी दिशा में मुड़कर श्री कृष्ण मूंदड़ा के नोहरे से उतर में मुड़कर कृष्णकांत शर्मा के मकान को लेते हुए वापिस पश्चिम में मुड़कर वापिस टर्न लेकर उतर की तरफ विकास घोटड़ के घर तक, वहां से पश्चिम की तरफ चलते हुए पन्नालाल कड़ेला की दुकान को शामिल करते हुए बैदों के नोहरे तक वहां से दक्षिण दिशा में मुड़कर रामनारायण स्वामी, मन्नालाल दर्जी के मकान को सम्मिलित करते हुए जेठमल भंसाली के मकान व नोहरे तक, वहां से पश्चिमी तरफ चलते हुए दक्षिण के तरफ के मकानों को शामिल करते हुए मोहनलाल दुधोडिया के नोहरे तक,वहां से दक्षिण की ओर चलकर पूर्व दिशा के मकान पूनमचंद बोथरा, झूमरमल भंसाली को शामिल करते हुए फतेहचंद सोनी के मकान तक।	671

09	पश्चिमी सीमा घीसूलाल लखोटिया के मकान को लेते हुए दक्षिण में चलकर पूर्व दिशा के मकानों पेमाराम तापड़िया आदि को शामिल कर यहां से पूर्व की तरफ चलकर संतोष कुमार तापड़िया, नोहरा रामानंद पेडीवाल जन पशु पक्षी ट्रस्ट को शामिल कर एस.बी.आई. बैंक के पीछे होते हुए पूर्व दिशा के सभी मकानों को सम्मिलित करते हुए गंगाराम सोमानी के घर होते हुए चोथू राम जी खटीक के घर से सटे हुए नोहरे रेलवे स्टेशन रोड तक, वहां से पूर्व दिशा की तरफ चलते हुए हुलास जी प्रजापत, फेरवाड़ी होते हुए उत्तर दिशा के समस्त मकानों एवम् भूखंडों को शामिल करते हुए घनश्याम जी प्रजापत के घर तक, वहां से उत्तर में मुड़कर बाबूलाल जाजू के घर होते हुए पश्चिमी दिशा के सभी मकानों एवम् भूखंडों को सम्मिलित कर वहां से पूर्व में मुड़कर तुरंत बालाजी मंदिर से सटे नोहरे के कॉर्नर से तिलोक जी प्रजापत, घनश्याम सोनी के घर शामिल करते हुए नथमल लाहौटी के मकान होते हुए उत्तर दिशा के सभी मकानों एवम् भूखंडों को शामिल करते हुए हंसराज तेली के नोहरे तक, वहां से उत्तर की तरह चलते हुए विनोद राठी] शंकर जी स्वामी व रामलाल जी रतावा के घर होते हुए पश्चिम दिशा के सभी मकानों को शामिल करते हुए रामेश्वर जी तापड़िया की दूकान तक वहां से पश्चिम की तरफ मुड़कर रघुनाथ जी मंदिर होते हुए श्री भगवान बिहानी, राधाकिशन जी मंत्री, कैलाश जी करवा, देवेंद्र करवा के मकानों को सम्मिलित करते हुए घीसूलाल लखोटिया के घर तक।	679
10	रेलवे स्टेशन रोड़ पर लाल खां लखारा के मकान से दक्षिण की तरफ चलते हुए पूर्व की तरफ के मकानों को सम्मिलित करते हुए पूर्व में छापर देवानी रामपुर सड़क से पूर्व दिशा की तरफ की नगरपालिका की आबादी एवम् गैर आबादी क्षेत्र को शामिल करते हुए रोड़ क्रॉस कर पूर्व में चलते हुए उतरी दिशा को शामिल करते हुए अंबेडकर छात्रावास, आपणी योजना ऑफिस आदि को शामिल करते हुए उत्तर दिशा की तरफ चलते हुए स्टेशन रोड़ पर नगरपालिका सीमा-सीमा होते हुए पुनः पश्चिम की तरफ चलते हुए धन जी प्रजापत, भंवर जी माली भूतनाथ मंदिर तक के दक्षिण दिशा के सभी मकानों एवम् भू खंडों को सम्मिलित करते हुए, वहां से स्टेशन रोड़ को क्रॉस कर उतर दिशा की तरफ चलते हुए पश्चिम दिशा के मकान ईशाक सुथरा व विद्यालय न० 05 तथा केसरीसिंह राजपूत के मकान से राजपूत गुवाड़ को शामिल करते हुए पश्चिम की ओर गोपाल खाती, विशाल सिंह, गुमानाराम जाट, बाबू ढोली के मकान को शामिल कर पश्चिम में हरिप्रसाद जोशी के मकान को शामिल कर सुराणों के नोहरे तक, वहां से दक्षिण की तरफ चलते हुए सरकारी अस्पताल को शामिल कर रेलवे स्टेशन रोड़ क्रॉस कर बीड़दीचंद करवा की दुकान तक, वहां से पश्चिम की तरफ चलते हुए दक्षिण दिशा के समस्त मकानों एवम् भूखंडों इमरान लीलगर, प्रताराम शेषमा के घर होते हुए बड़ी मस्जिद को शामिल कर हुलास जी कंपाउंडर के घर को शामिल	908

	करते हुए लाल खां लखारा के मकान तक।	
11	रेलवे स्टेशन रोड़ पर नानूराम सुरेका के मकान से पूर्वी तरफ चलते हुए उतर दिशा के सभी मकानों एवम् भूखंडों को सम्मिलित करते हुए असगर मीट की दूकान से रजाक जी खीची, ब्राह्मण हितकारिणी सभा तक, वहां से उतर में मुड़कर चौधरी मेडिकल, जैन मेडिकल होते हुए पश्चिम के सभी मकानों एवम् भूखंडों को सम्मिलित करते हुए मुमताज किलानिया के घर तक, वहां से पश्चिम में मुड़कर हनुमान प्लाजा मार्केट होते हुए मैन बाजार रोड क्रॉस कर उतर दिशा में चलते हुए नारायण प्रसाद जी बोरायडा की दूकान को शामिल करते हुए मानक चंद सारडा, अरुणा बाई के पास के घर तक, वहां से पश्चिम दिशा में मुड़कर दक्षिण दिशा के सभी मकानों को सम्मिलित करते हुए जेसराज सोनी, नानूराम सोनी के घर होते हुए रामेश्वर रतावा, किशन लाल जाजू के मकान तक, वहां से दक्षिण में मुड़कर वापिस टर्न लेकर पश्चिम दिशा में चलकर मोबतराम जाजू के घर को सम्मिलित करते हुए रतावा पोल को शामिल करते हुए कन्हैया लाल मालू तक, वहां से दक्षिण दिशा में चलते हुए पूर्ण मल जी तापड़िया के घर तक, वहां से पूर्वी दिशा में मुडकर पेडीवाल धर्म शाला, लाहोटी धर्मशाला तक, वहां से दक्षिण दिशा में मुड़कर परमानंद नाई के घर को लेते हुए डालम चंद सोनी के घर होते हुए रुप चंद जाजू के भवन को सम्मिलित करते हुए हंसराज तेली के घर तक, वहां से पश्चिम दिशा में मुडकर दक्षिण के मकानों को सम्मिलित करते हुए रामरतन जी शर्मा, कासम जी मास्टर के घर होते हुए सागर जी पेडीवाल के नोहरे तक, वहां से दक्षिण में मुड़कर जैसराज जी सारस्वत के घर को सम्मिलित करते हुए नानूराम सुरेका के घर तक।	885
12	पश्चिमी सीमा डूंगरमल जी लाहोटी के मकान को लेते हुए दक्षिण दिशा में चलते हुए पूर्व दिशा के मकानों को सम्मिलित करते हुए सत्यनारायण जी अग्रवाल तक, वहां से पूर्व दिशा में चलते हुए उत्तर दिशा के मकानों को शामिल करते हुए रोड क्रॉस कर घीसू लाल जी लखोटिया बाबूलाल जी सोनी केसरी चंद जी रतावा चैन रूप जी दायमा रामचंद्र जी स्वामी तक, वहां से उत्तर दिशा में चलते हुए पश्चिम दिशा के मकानों को लेते हुए पूनम चंद जी सुठवाल तक, शामिल करते हुए पश्चिम में मुड़कर चलते हुए श्याम जी बिहानी चंदनमल जी सारडा प्रकाश जी नाई जाजू धर्म कांटा साई मंदिर जवरीमलजी लाहोटी को लेते हुए डूंगरमल जी लाहोटी तक	672
13	पश्चिमी सीमा माहेश्वरी भवन से दक्षिण की तरफ चलते हुये पूर्वी दिशा के मकान को शामिल करते हुए नवरतन जी सुराणा के नोहरे तक यहां से पूर्व में चलते हुए उतर दिशा के सभी मकानों को सम्मिलित करते हुए जाजू नोहरे, रघु प्रसाद जी मुंदड़ा, रामेश्वर जी जाजू, हरिप्रसाद जी जाजू, पांचीराम जी जाजू, सीताराम जी झंवर के मकान को लेते हुए उत्तर दिशा में चलते हुए पश्चिम दिशा के मकानों को सम्मिलित करते हुए विजय कुमार झंवर,	671

	ओमप्रकाश जी तापड़िया को शामिल कर सीताराम जी पारीक के नोहरे को शामिल कर पश्चिम दिशा में चलते हुए राजकुमार नाई, लालचंद जी चांडक, रेवंतमल जी बजाज थानमल निर्वाण, रतनलाल लाहोटी के नोहरे तक यहां से वापिस दक्षिण दिशा में मुड़कर माहेश्वरी भवन तक।	
14	रतनगढ़ रोड पर शेर मोहम्मद के घर से दक्षिण में चलते हुए पूर्वी मकानों को शामिल कर बाबूलाल शर्मा तक] वहा से पूर्व में मुड़कर हरिप्रसाद शर्मा तक वहा से दक्षिण में मुड़कर पूर्वी मकानों को शामिल कर कृष्णगोपाल शर्मा को लेते हुवे श्री कृष्ण जी मुँधड़ा को नोहरे को शामिल कर किशन जी मूंधडा से दक्षिण में मुड़कर बेदो के नोहरे को शामिल कर पूर्व में मुड़कर बेदो के नोहरे से वापिस उत्तर में मुड़कर श्याम जी मंडा, कन्हैयालाल जी नाई, दुल जी खाती, भंवर जी खाती, तुलछाराम जी आरा को शामिल कर रतनगढ़ रोड व वहां से वापिस गिरधारी जी डॉक्टर को शामिल करते हुए शेर मोहम्मद काज़ी के घर तक ।	671
15	रतनगढ़ रोड पर पूनमचंद जी सुन्ठवाल के नोहरे से दक्षिण दिशा में चलते हुए पूर्वी दिशा के मकानों को शामिल करते हुए पीथाराम सुथार, भैरूजी मंदिर सोहन जी नाई, प्रहलाद रतावा, विनोद जाजू, खींवाराम जी सुथार को शामिल कर पूर्व में मुड़कर पूर्व दिशा में चलते हुवे उत्तर दिशा के मकानों हरिप्रसाद लाहोटी, भजनलाल जांगिड़, धनराज जी बंडवाला, हरिराम जी मंदिर, रामनिवास जी शर्मा के मकान तक वहा से उत्तर में मुड़कर पश्चिम दिशा के मकानों को शामिल करते हुवे ओम जी सोनी] शंकर जी सुथार] किशनगोपाल पंडित] कन्हैयालाल जाट को लेते हुए पुरखाराम नाई तक वहा से दक्षिण दिशा के मकानों को शामिल करते हुए भवरसिंह की आटा चक्की, गिरधारी प्रजापत] लक्ष्मी मार्बल को शामिल करते हुए पूनमचंद जी सुन्ठवाल के नोहरे तक ।	673
16	पेडीवाल आदर्श विद्या मंदिर से दक्षिण दिशा में चलते हुए पूर्व दिशा के मकानों को लेते हुए शामिल करते हुए सरवन जी प्रजापत रामेश्वर जी राठी को लेते हुए आत्माराम शर्मा तक वहां से पश्चिम दिशा में टर्न करते हुए भेरुजी खेजड़ा को लेकर विनोद जी मास्टर जी को शामिल कर दक्षिण में मुड़कर पूर्व मकान को लेकर श्री भगवान बिहानी तक वहां से पूर्व में मुड़कर मनोज पारीक बिरदी चन्द जी करवा को शामिल करते हुए उत्तर के मकानों को शामिल करते हुए पूनम चंद जी सुठवाल के नोहरे तक वहां से उत्तर में मुड़कर चेतास पानी की टंकी शामिल करते हुए हेतु लाल जी करवा हनुमान मंदिर शामिल कर सामने की गली में टर्न करते हुए भगवाना राम जांगिड़ को शामिल कर उत्तर के मकानों को शामिल कर बजरंग तापड़िया के घर तक वहां से फिर उत्तर में मुड़ कर मांगीलाल जी दानदास स्वामी को शामिल कर पूर्व में टर्न लेकर कपिल देव पारीक को शामिल कर मोहन जी	866

	रतावा पास के नोहरे को शामिल कर पश्चिम दिशा में मुड़कर बजरंग लाल प्रजापत गोपाल जी सुथार बाबूलाल प्रजापत को शामिल कर पेडीवाल आदर्श विद्या मंदिर तक।	
17	बाबूलाल ईश्वर जी पारीक के मकान से दक्षिण में चलते हुए पूर्व के मकानों को शामिल करते हुए पुसराज दर्जी को शामिल करते हुए पश्चिम में टर्न लेकर रामेश्वर जी राव सागर जी राव को शामिल कर दक्षिण में मुड़कर पूर्व के मकानों को शामिल कर चंपालाल जोशी]कमल कुमार शर्मा]हनुमान मल जी रतावा के घर तक वहा से पूर्व में टर्न लेकर सांवर जी लुहार स्कूल नंबर 04 को शामिल करते हुए उत्तर में चलकर गोगामेड़ी के सामने भरत सिंह जी राजपूत को लेकर माताजी मंदिर होते हुए पूर्व में चलकर उत्तर के मकानों को सम्मिलित करते हुए अमरचंद हुलास जी मेघवाल तक वहा से उत्तर में मुड़कर बुधाराम जी नायक को शामिल करते हुए पूर्व में चलकर वापिस उत्तर में टर्न लेकर पुनाराम नायक को शामिल करते हुए पश्चिम दिशा में चलकर पूनम टैंट हाउस के मकान तक] वहा से उत्तर में मुड़कर पश्चिम दिशा के मकान रामावतार जी पारीक की फैक्ट्री को शामिल करते हुए ओमप्रकाश जी स्वामी के मकान तक वहा से वापिस मुड़कर पश्चिमी दिशा में चलते हुए भंवर जी डूडी थान जी प्रजापत सहित दक्षिण दिशा के मकानों को शामिल करते हुए बाबूलाल ईश्वर जी पारीक के मकान तक।	873
18	रेलवे स्टेशन रोड पर यूसुफ मनिहार की दुकान से उत्तर दिशा की ओर चलते हुए पूर्व के मकान रामेश्वर जी बेनीवाल राजेंद्र गुलेरिया की दुकान से जैसाराम गुलेरिया तक वहां से पूर्व में मुड़कर दक्षिण दिशा के मकानों को लेते हुए बाबूलाल बंजारा तक, वहां से दक्षिण में मुड़कर शफी जी तेली तक, वहां से पूर्व में मुड़कर बेगाराम जी गिंवारिया,जोधाराम जी,रामेश्वर जी गिंवारिया को शामिल करते हुए पूर्व दिशा में मुड़कर उमरू मनिहार से काजी जी, इंद्रचंद जी शेषमा को शामिल करते हुए दक्षिण की तरफ के सभी मकानों को सम्मिलित करते हुए अमृत एकेडमी, सिंवरों की ढाणी] मेघवालों की ढाणीयों को शामिल करते हुए वापिस रेलवे स्टेशन रोड़, नंदी शाला को शामिल करते हुए उतर दिशा के मकानों को शामिल करते हुए मांगीलाल पटवारी, मानक रैगर, भंवर लाल जी रैगर, कन्हैया लाल जी माली, घनश्याम बावरी, अली जी की दुकान को शामिल करते हुए यूसुफ मनिहार की दुकान तक।	908
19	रतनगढ़ रोड पर स्थित सारड़ों की प्याऊ से दक्षिण की तरफ गणेश मंदिर रोड चलते हुए पूर्व दिशा के मकानों को शामिल करते हुए सुमन जांगिड़ के मकान तक यहां से पश्चिम की तरफ टर्न लेकर परमेश्वर जांगिड़ के नोहरे को शामिल कर यहां से दक्षिण की तरफ चलते हुए श्याम बाबू मनोज शर्मा आगे दक्षिण की तरफ चलते हुए पूर्व दिशा के मकानों को शामिल करते हुए पूनम टेंट हाउस के सामने साइड को शामिल करते हुए पूर्व में चलकर	902

	नेमीचंद जी मेघवाल को शामिल करते हुए दक्षिण में चलकर वापस पश्चिम में मुड़कर बुद्धाराम नायक के सामने साइड चलकर हनुमान जी सुथार बाल जी सुथार को लेते हुए पूर्व में मुड़कर पूर्व दिशा में चलकर उत्तर के मकानों को शामिल करते हुए शिव शंकर अटवाल को लेकर उत्तर पूर्व में टर्न लेकर राजू नायक को शामिल करते हुए पूर्व दिशा में कालू तेली के मकान को शामिल करते हुए दक्षिण में मुड़कर तोफिक मनफूल तेली को शामिल करते हुए पूर्वी दिशा के मकानों को शामिल करते हुए पूर्व में मुड़कर नरसी गिन्वारिया को शामिल करते हुए सिकंदर की दुकान को लेते हुए पूर्व दिशा में चलकर अली जी के घर को लेते हुए मोतीलाल गिन्वारिया मांगीलाल जी काजी रणजीत माली के मकान को लेते हुए नगरपालिका सीमा तक] वहा से वापस उत्तर में मुड़कर रतनगढ़ रोड की साइड में पूरे प्रेम नगर को शामिल कर रतनगढ़ रोड पर स्थित सारड़ों की प्याऊ तक।	
20	रतनगढ़ रोड पर स्थित सारड़ों की प्याऊ से गणेश मंदिर रोड़ की तरफ चलते हुए पश्चिम दिशा के मकानों को सम्मिलित करते हुए गोविंद पारीक के मकान तक, यहां से पश्चिमी दिशा की तरफ मुड़ते हुए उतर दिशा के मकान रामप्रसाद शर्मा के मकान को लेते हुए मांगीलाल जी मुंधडा के नोहरे तक, वहां से उत्तर दिशा की तरफ चलते हुए पूर्वी दिशा के मकान तोलाराम प्रजापत, टिकुदास व रुघ जी प्रजापत के मकान को सम्मिलित करते हुए रतनगढ रोड़ तक, वहां से पूर्वी दिशा की तरफ चलते हुए दक्षिणी दिशा के मकानों को शामिल कर सारड़ों की प्याऊ तक।	908
21	रतनगढ़ रोड पर बंशीलाल रतावा के घर से दक्षिण में चलते हुए पूर्व दिशा के मकानों को शामिल करते हुए नंदलाल सुथार] शुभकरण सुथार, सागर जी पारीक, रामेश्वर खाती को लेते हुए सारडा के नोहरे को शामिल कर पूर्व में मुड़कर पुसराज जी सारडा, देवकीनंदन रतावा, मांगीलाल प्रजापत को शामिल करते हुए दक्षिण के मकानों को सम्मिलित करते हुए नथु महाराज के घर तक वहा से उत्तर दिशा में चलते हुए पश्चिम दिशा के मकानों को शामिल करते हुए नेमदास जी स्वामी रतन लाल मेघवाल को लेते हुए उत्तर में चलकर उत्तमचंद उपाध्याय को लेकर रतनगढ़ रोड क्रॉस करते हुए पूर्व में चलकर उत्तर के मकानों, साईं मंदिर, खीवज माता मंदिर बोथियावास रोड तक, वापिस उत्तर पश्चिम में मुड़कर नगर पालिका सीमा को लेकर राजूराम मेघवाल को शामिल करते हुए पश्चिम में चलते हुए मोहन जी प्रजापत को शामिल कर प्रताप खिलेरी को शामिल कर नगर पालिका सीमा, परमेश्वर प्रजापत, हंसराज सुथार को शामिल कर दानजी जाट से दक्षिण में चलते हुए रामलाल सुथार पूर्वी दिशा के मकानों को शामिल कर हरिराम जी शर्मा के मकान, नोहरा को शामिल कर रतनगढ़ रोड क्रॉस कर बंशीलाल रतावा के घर तक ।	731

22	रतनगढ़ रोड पर कन्हैयालाल चांवरिया के मकान से उत्तर दिशा की तरफ चलते हुए पूर्व दिशा के मकानों को शामिल करते हुए सुशील हरिजन व बुधाराम मेहरडा के मकान को शामिल करते हुए छोटू राम पुत्र कृष्ण राम कांटीवाल के मकान तक वहां से पूर्व दिशा में चलते हुए दक्षिण दिशा के मकानों को शामिल करते हुए प्रभु राम चौहान मन्नालाल सोनी परमेश्वर लाल आदि से खालिया ब्राह्मण के घर तक, वहां से दक्षिण दिशा की ओर चलते हुए पश्चिम दिशा के मकानों को शामिल करते हुए लिच्छू दास स्वामी तुलसाराम सुथार के मकान को शामिल करते हुए ललित सोनी के मकान से पश्चिम के मकानों को शामिल करते हुए पश्चिम दिशा की ओर चलते हुए पावर हाउस को शामिल करते हुए कन्हैयालाल चांवरिया रतनगढ़ रोड तक	671
23	रतनगढ़ रोड पर स्थित मुंधडा स्कूल से पूर्व दिशा की तरफ चलते हुए उत्तर दिशा के मकानों को शामिल करते हुए कन्हैयालाल एडवोकेट कन्हैयालाल ठेकेदार हिमताराम जी की दुकान को शामिल करते हुए नेमीचंद हरिजन के नोहरे तक वहां से उत्तर दिशा में चलते हुए राकेश ढेनवाल और बनवारी नायक के मकान को शामिल करते हुए पश्चिम दिशा के मकानों को शामिल करते हुए भागीरथ चिनिया तक, वहां से पश्चिम की तरफ चलते हुए दक्षिण दिशा की नई बस्ती को शामिल करते हुए ओमप्रकाश अखाराम चौहान के घर तक वहां से पश्चिम की तरफ चलते हुए भवरलाल चौहान राजूराम पुत्र भंवरलाल कांटीवाल को शामिल करते हुए लालाराम डूखिया के घर तक वहां से दक्षिण की तरफ चलते हुए लूणाराम कांटीवाल तारूराम कांटीवाल के मकान को शामिल करते हुए पूर्व दिशा के मकानों को सम्मिलित करते हुए रतनगढ़ रोड पर स्थित मुंधडा स्कूल तक	907
24	रतनगढ़ रोड पर लिखमाराम गोखी के मकान से पूर्व की तरफ चलते हुए उत्तर दिशा के मकानों को शामिल करते हुए बाबरियों के नोहरे को शामिल करते हुए वहां से नारायण राम काँटीवाल के मकान तक नारायण राम के मकान से पश्चिम दिशा के मकानों को शामिल करते हुए रजाक मनिहार की चक्की से पश्चिम के सभी मकान शामिल करते हुए रामलाल ढाका के मकान तक, वहां से पश्चिम दिशा में टर्न करते हुए प्रेम सिद्ध के मकान को शामिल करते हुए सती माता मंदिर को शामिल करते हुए आगे पश्चिम दिशा में उपाधियों का रास्ता की तरफ मुड़कर ज्ञानाराम खेरिया के मकान तक] वहां से पश्चिम में शंकर गोखी के मकान को लेते हुए दक्षिण दिशा के मकान का सुल्तान दान चारण कन्हैयालाल कडेला पश्चिम तरफ के मकान गोपाल जाट से दक्षिण तरफ चलते हुए रामेश्वर चिनिया के मकान तक, वहां से पूर्व की तरफ मुड़कर पप्पू सिहाग के मकान को शामिल करते हुए दक्षिण में मुड़कर पूर्व की तरफ के मकानों को शामिल करते हुए प्रभु सिहाग तक वहां से पूर्व की ओर चलते हुए उत्तर के मकान मानाराम कांटीवाल को शामिल करते हुए चुन्नीलाल सिपाही के मकान बेगाराम भाटिया मानाराम	864

	चोपड़ा को शामिल करते हुए लिखमाराम गोखी के मकान रतनगढ़ रोड तक	
25	रतनगढ़ रोड पर हीरालाल गोखी पूर्व पार्षद के मकान से उत्तर की तरफ चलते हुए पूर्व तरफ के पशुपतिनाथ मंदिर को शामिल कर आगे पश्चिम से उत्तर की तरफ टर्न लेते हुए नोपाराम सिहाग व भंवरलाल की दुकान व मकान को शामिल करते हुए आगे पूर्व की तरफ के मकानों को शामिल करते हुए चिमनाराम कुमार के मकान तक, वहां से पूर्व की तरफ मुड़कर शुभकरण ढाढ़ी के मकान से नानूराम सिहाग के मकान तक] वहां से उत्तर की तरफ मुड़कर भागीरथ सिहाग के घर तक, वहां से पूर्व की तरफ मुड़कर सीताराम गोखी के मकान को शामिल करते हुए जीवन राम चौहान के मकान व दुकान तक, वहां से दक्षिण की तरफ मुड़कर पश्चिम की तरफ के मकानों ओमाराम चौहान मानाराम गोखी को शामिल करते हुए मोटाराम नायक से रतनगढ़ रोड पर स्थित भूरजी के कारखाने तक, वहां से पश्चिम की तरफ चलते उत्तर दिशा के मकान अली मोहम्मद मनिहार मंगलदास कामड को शामिल करते हुए रतनगढ़ रोड पर हीरालाल गोखी पूर्व पार्षद के मकान तक	906

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।